दिनांक–19.06.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- विश्व सिकल सेल दिवस आज, डिंडोरी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी होंगे शामिल।
- ग्वालियर में वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर हुआ 25वें बलिदान मेले का आयोजन।
- प्रदेश में मानसून पूर्व की झमाझम शुरू, अगले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की सम्भावना।
- टी20 क्रिकेट विश्वकप प्रतियोगिता में आज से शुरू होंगे सुपर–8 मुकाबले, भारत का मैच कल।

विश्व सिकल सेल दिवस–डिंडोरी

आज विश्व सिकल सेल दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। डिंडोरी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे डिंडोरी के शासकीय चन्द्र विजय महाविद्यालय में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित राज्य सरकार के मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक विकार है जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार में परिवर्तित हो जाती हैं। जिससे स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है और रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो सकता है।

डाक घर अधिनियम

डाक घर अधिनियम 2023 आज से प्रभावी हो गया है। इसने भारतीय डाक अधिनियम 1898 का स्थान लिया है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था सहित विभिन्न आधारों पर भारतीय डाक के माध्यम से भेजी जाने वाली किसी भी वस्तु को सरकार बीच में ही रोक सकती है। ऐसा सार्वजनिक सुरक्षा या शांति को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है।

अधिनियम में यह भी कहा गया है कि डाक सेवा महानिदेशक को भारतीय डाक का प्रमुख नियुक्त किया जाएगा। उसके पास सेवाओं के शुल्क और डाक टिकटों की आपूर्ति सहित विभिन्न मामलों पर नियम बनाने की शक्तियां होंगी। संसद ने पिछले साल दिसंबर में डाकघर विधेयक 2023 पारित किया था।

विदेश राज्य मंत्री–सतना

केंद्रीय विदेश, वन, पर्यावरण एवं जलवायु राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि गांव का किसान मजबूत होगा तो गांव और देश मजबूत बनेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र, मझगवां में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतरण कार्यक्रम को कल संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ग्राम्य विकास और किसानों के कल्याण की अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होने कहा कि देश के किसानों को श्री अन्न के उत्पादन के लिये प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस मौके पर राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

लक्ष्मीबाई बलिदान मेला–ग्वालियर

ग्वालियर में वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला आयोजन समिति द्वारा कल 25वे बलिदान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के सहयोगी क्रांतिकारी रूद्रनारायण के प्रपौत्र गौरव नारायण सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। प्रदेश के नगरीय विकास व आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और अन्य अतिथियों ने इन सभी को सम्मान प्रदान किए। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई पर केन्द्रित महानाट्य का मंचन भी हुआ. महानाट्य में लगभग 250 कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन कवि सम्मेलन से हुआ।

प्रधानमंत्री बिहार दौर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के दौरे पर रहेंगे। वे नालंदा जिले के राजगिर में नालंदा विश्वविद्‌लाय के नए परिसर का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री विश्व धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन अवशेषों का भी दौरा करेंगे, जिनका नवनिर्मित विश्वविद्यालय से गहरा संबंध है।

नालंदा विश्वविद्यालय की कल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। उद्‌घाटन समारोह में 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित विश्वविद्यालय का नया परिसर 450 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें 100 एकड़ क्षेत्र में कई जल निकाय और अन्य पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय में छह संस्थान हैं जिनमें इतिहास अध्ययन संस्थान, पर्यावरण अध्ययन संस्थान और बौद्ध दर्शन, दर्शनशास्त्र तथा तुलनात्मक धर्म संस्थान शामिल हैं।

मौसम

प्रदेश में मानसून पूर्व की झमाझम शुरू हो गयी है। आज से लेकर अगले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की सम्भावना है। भोपाल में सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने जबलपुर, छिंदवाड़ा समेत 22 जिलों में आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि ग्वालियर और दतिया में गर्मी का असर भी रहेगा। ग्वालियर कल प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीँ कल टीकमगढ़ में 2 दशमलव 2 इंच पानी बरसा। भोपाल, विदिशा, छिंदवाड़ा, मंडला, नरसिंहपुर, सतना, नर्मदापुरम, सिवनी में भी मौसम बदला रहा।

बिजली गिरी–ग्वालियर

ग्वालियर जिले के भितरवार विकासखंड की ग्राम पंचायत करहिया में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो गयी, जबकि एक व्यक्ति घायल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को मृतकों के परिजन को चार–चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा घायल के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

टी–20 विश्वकप

पुरूषों की टी20 क्रिकेट विश्वकप प्रतियोगिता में आज से सुपर–8 मुकाबलों का दौर शुरू हो रहा है। इस दौर के सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। सुपर–8 का पहला मुकाबला आज अमरीका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। भारत अपना पहला मैच कल अफगानिस्तान के साथ खेलेगा। प्रतियोगिता के इस चरण के लिए आठ टीमें चुनी गई हैं। पहले समूह में भारत, ऑस्ट्रेलिया अफगानिस्तान और बांग्लादेश हैं, जबकि दूसरे समूह में अमरीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका हैं।

एशियन जूनियर केनोई स्प्रिंट चैम्पियनशिप

एशियन जूनियर केनोई स्प्रिंट चैम्पियनशिप–2024 में खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने कयाकिंग–केनोइंग खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, 2 रजत और एक कॉस्य सहित 4 पदक अर्जित कर देश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 जून तक थाईलैण्ड में किया गया था । प्रतियोगिता में कोरिया, मलेशिया, वियतनाम, म्यानमार, थाईलैण्ड, और सिंगापुर सहित 15 टीमों ने भागीदारी की थी।

भाला फेंक–नीरज चोपड़ा

ओलंपियन और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड में आयोजित विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल गोल्ड टूर में भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। बीती रात हुए मुकाबले में उन्होंने 85 दशमलव नौ–सात मीटर दूरी पर भाला फेंक कर यह उपलब्धि हासिल की। नीरज चोपड़ा ने 83 दशमलव छह–दो मीटर के थ्रो के साथ शुरुआत की।

समाचार संक्षेप में .....

- छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में उपचुनाव के लिए कल भाजपा सहित 2 उम्मीदवारों द्वारा 3 नामांकन पत्र जमा किये गये। यहाँ अब तक चार नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है।
- बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 19 एवं 20 जून को प्रातः 9:30 बजे से होटल कोर्टयार्ड मैरियट भोपाल में किया गया है। कार्यशाला में बर्ड फ्लू से संबंधित वैज्ञानिक परिचर्चा की जाएगी।
- शाजापुर में 'स्कूल चले हम' के आयोजन के अन्तर्गत कल "भविष्य से जुड़े" कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्कूलों एवं संस्थाओ में आयोजित किया जाएगा।
- अनूपपुर जिले के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 83 हजार 205 किसानों को दो–दो हजार रुपए की राशि जारी की। यह इस योजना की 17वीं किस्त है।
- मंडला में तेज बारिश से मौसम में ठंडक आ गई है। लोगों को गर्मी से निजात मिली है।
- मिनी आरेंज आईटीएफ ट्रायथ्लॉन सब–जूनियर, जूनियर और सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, एक रजत और एक कॉंस्य सहित कुल 5 पदक अर्जित किये है।

———————————————————